तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025



13 सेन महाराज की जयंती पर निकाली शोभायात्रा...





14 पहलगाम की घटना, सड़क पर दिख रहा जन आक्रोश






## खबर संक्षेप

### महिला से शराबी पति ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला के साथ उसके शराबी पति द्वारा मारपीट किए जाने के मामले बागबाहरा थाने में एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि कविता चंद्राकर पति गगन चंद्राकर (38 साल) वार्ड नं 4 थाना पारा ब्यूटी पार्लर एवं फैंसी स्टोर्स चलाती है। प्रार्थिया का पति शराब, गांजा, सनन गोली खाने का आदी है और रोज नशा पान करता है और नशा कर प्रार्थिया के साथ आए दिन मारपीट करता रहता है। 26 अप्रैल की दोपहर 12 से 12.30 बजे के बीच उसके पति गगन चंद्राकर ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। मारपीट से महिला के सिर में चोट लगी है। रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में दो लोग घायल

**महासमुंद।** ग्राम गढ़फुलझर में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि ग्राम पतेरापाली निवासी भानु प्रधान ने रिपोर्ट लिखाई है कि 18 अप्रैल को उसका बेटा कांतिलाल प्रधान और बहू मीनाक्षी प्रधान अपने मोटर सायकल सामान लेने बना गए थे, वापस घर जाते समय करीबन 6.30 से 7 बजे के बीच गढ़फुलझर से ओडिशा जाने के मार्ग में पांडे किराना दुकान के पास पीछे तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक अपने वाहन से उसके बेटे के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर भाग निकला। घटना में घायल बेटे और बहू को बसना के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। मामले में अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### परकोम में मिडिल स्कूल जर्जर, नए भवन की मांग

नर्रा। बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओड़िशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत परकोम के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन कापी जर्जर हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार भवन को बने लगभग 40 वर्ष से अधिक हो गए है। यहां भवन के छत का प्लास्टर गिर रहा है। सरिया पूरी तरह सड़ गई है, कभी भी भरभरा कर गिर सकती है। स्कूल में कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक के लगभग 86 बच्चे दर्ज है। अतिरिक्त भवन में कक्षाएं संचालित हो रही है। वहां के ग्रामीणों ने शासन से नवीन भवन की मांग की है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** कोमाखान में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को ओंकार सिंह ठाकुर पिता कृष्णा सिंह ठाकुर (28 वर्ष) ग्राम द्वारतराकला ने बताया कि 25 अप्रैल की सुबह 8 बजे उसके साथ घर के सामने गली में पुराने विवाद को लेकर आरोपी रोहित ठाकुर, हेमचंद बरिहा, मनोज



ठाकुर, बुधियारिन बाई ठाकुर ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इसी तरह मारपीट के एक अन्य मामले में पटेवा थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को महेश राम निषाद निवासी रायतुम ने बताया कि 25 अप्रैल की रात वह गांव के च्वाईस सेंटर के सामने टहल रहा था। करीब 7 बजे आरोपी राजकुमार साहू व तेजराम साहू ने एक राय होकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का और डंडे से मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# पानी की समस्या से जूझ रहे शिकारी केसली और मटिया को मिला टैंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

ग्राम शिकारी केसली में पिछले एक महीने से चली आ रही पेयजल समस्या को लेकर हरिभूमि ने सोमवार को खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इस खबर का व्यापक असर देखने को मिला। जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव ने पहल करते हुए ग्राम पंचायत शिकारी केसली और मटिया को 3000 लीटर की क्षमता वाले एक-एक ट्रैक्टर चालित टैंकर प्रदान किए हैं।पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को टैंकर मिलने के बाद खुशी की लहर दौड़ गई है। दोनों ग्रामों में अलग-अलग समारोह आयोजित कर टैंकर का वितरण किया गया। इन कार्यक्रमों में

## हरिभूमि की खबर के बाद जनप्रतिनिधियों ने की पहल







### जताया आभार

उल्लेखनीय है कि फरवरी से ही दोनों पंचायतों में पेयजल संकट गहराया हुआ था। सचिवों की हड़ताल और पंचायतों की आर्थिक तंगी के कारण समाधान संभव नहीं हो पा रहा था। टैंकर मिलने पर मटिया की सरपंच अनीता टीकाराम निषाद और शिकारी केसली की सरपंच संतोषी नारायण नेताम ने ईशान वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया।

बलौदाबाजार भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव मुख्य अतिथि के रूप में एवं सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार अध्यक्षता में उपस्थित रहे।ईशान वैष्णव ने इस अवसर पर कहा, मेरी और मेरी पार्टी की सदैव यही कोशिश रहेगी कि जरूरतमंदों के साथ खड़े रहे और विकास में कोई कमी न आने दें। चुनाव जीतने के बाद से मैं क्षेत्र की पेयजल समस्या को दूर करने में लगा हूं। इसी परिपेक्ष में ग्राम शिकारी केसरी को 3000 लीटर टैंकर एवं मटिया को भी टैंकर दिया है।जिला अध्यक्ष आनंद यादव एवं मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने ईशान वैष्णव की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों ने एक सही प्रतिनिधि को चुना है, जो सदैव सक्रिय रहकर जनहित में कार्य करेंगे।

*बारिश आंधी में गुल हो रही बिजली घंटों बाद आ रही*

# ओवरलोडिंग से गहराया बिजली संकट, मेंटनेंस में विभाग फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

बिजली विभाग के खराब मेंटनेंस से क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या बढ़ रही है। विभाग समय पर बिजली की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

अप्रैल में शुरू हुई भीषण गर्मी का असर शहर में भी दिखाई दे रहा है। लोग राहत की सांस लेने बिजली पर निर्भर है, लेकिन शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कब गुल हो जाए, यह कोई अंदाज नहीं लगा पा रहा है। यही परेशानी शहर व ग्रामीण झेल रहे हैं। इन दिनों आंधी और बारिश का मौसम अक्सर शाम को दिखायी देता है, इसी दौरान तेज हवा चलने से पहले ही बिजली गुल हो जा रही है, और यह कब आयेगी इसका इंतजार सभी लोग करते रहते हैं।

यह स्थिति बीत दिनों शहर में देखी गई। सुभाष वार्ड, महावीर वार्ड एवं अन्य वार्ड के लोगों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में बिजली बंद होना हर किसी के लिए परेशानी है, क्योंकि गर्मी से राहत पाने के एक मात्र साधन कूलर, पखे हैं। कुछ लोग एसी का भी उपयोग करते हैं। ऐसी स्थिति में बिजली गुल होने से लोगों की तकलीफ बढ़ जाती है। लोग पानी के लिए भी परेशान होते दिखाई देते हैं। लेकिन बिजली विभाग द्वारा इसका सार्थक नतीजा नहीं निकल पा रहा है।

इजनमानस द्वारा मैन्टेनेस की सार्थकता पर सवाल के संबंध में उनका कहना है कि मैन्टेनेस का कार्य वर्तमान परिस्थिति को दृष्टिगत रखकर व्यवस्था व्यवस्थित की किया जाती है, लोगों में बिजली उपयोग की क्षमता औसत परिस्थिति से ज्यादा बढ़ जाती है जैसा इस वर्ष हो रहा है। इस वर्ष भीषण गर्मी के मद्देनजर लोगों के बिजली उपयोग में जबर्दस्त वृद्धि नजर आ रही है और यही परिस्थिति बिजली व्यवस्था पर ज्यादा अतिरिक्त दबाव डाल रही है। इसके चलते अनायास बाधा की स्थिति उत्पन हो रही है, साथ ही बिजली विभाग सक्रियता के साथ इस परिस्थिति के मद्देनजर जुटा हुआ है तथा प्रयास यही रहता है कि जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था की बाधा को दूर किया जाए।





### ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ा

इस संबंध में बिजली विभाग के एई वासुदेव साहू से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि गर्मी में बिजली का उपयोग अत्यधिक बढ़ जाता है, जिसके चलते ट्रांसफार्मर एवं अन्य बिजली प्रदाय संसाधन में अतिरिक्त भार पड़ता है और खराबी भी आ जाती है। इसके चलते अचानक बिजली बाधा की परिस्थिति निर्मित हो जाती है। इस वर्ष भीषण गर्मी के मद्देनजर गरमी से राहत प्रदान करने वाले संसाधनों का उपयोग भी ज्यादा बढ़ा है, जिसके चलते इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

# जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

लटुवा के ग्रामीण को जान से मारने की धमकी देते हुए हत्या करने की कोशिश करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 109, 296 बीएनएस कायम किया है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम लटुवा निवासी 77 वर्षीय संतराम कन्नौजे ने रिपोर्ट दर्ज कराया और बताया कि वह 25 अप्रैल को एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने तालाब गया हुआ था। इस बीच खूबचंद कन्नौजे द्वारा प्रार्थी के पास आकर समाज में मुखिया होकर भी कन्नौजे समाज में मेरी शादी नहीं करा रहे हो, इस प्रकार की बातें बोलकर प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देने लगा और प्रार्थी की गर्दन पकड़ कर तालाब अंदर गहरे पानी में ले गया तथा सिर पकड़कर प्रार्थी को डूबाने की कोशिश की। यह स्थिति देख तालाब के तट पर खड़े लोगों द्वारा बीच बचाव किया गया और प्रार्थी को बाहर निकाला गया। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने धारा 109, 296 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के मार्ग निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी खूबचंद कन्नौजे को हिरासत में लिया और पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी को जान से मारने की नीयत से अश्लील गाली गलौज करते ▸▸ शेष पेज 13 पर



# भाटागांव में राशन वितरण केंद्र शुरू छः सौ हितग्राही होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत कोकड़ी के आश्रित ग्राम भाटागांव में नवीन राशन वितरण केंद्र का शुभारंभ हुआ। नवीन राशन वितरण केंद्र का संचालन ग्राम की स्व-सहायता समूह द्वारा किया जाएगा, जिनका ग्राम के सरपंच अभिषेक घृतलहरे शुभारंभ किया। राशन वितरण केंद्र के शुभारंभ पर सरपंच ने कहा मैने ग्रामीणों से वादा किया था कि मेरे सरपंच बन जाने पर ग्रामीणों को राशन लेने दूसरे गांव नहीं जाना पड़ेगा और आज मैंने वादा निभाते हुए यहां राशन दुकान खुलवाया। अब ग्रामीणों को सर्दी, गर्मी, बरसात के मौसम में तीन किलोमीटर दूर ग्राम रिसदा जाकर अब राशन लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें अपने गांव में ही समय पर राशन मिल जाएगा, जिससे ग्रामीणों के समय व पैसे की बचत होगी। इससे भाटागांव के लगभग 600 राशन कार्ड हितग्राही लाभान्वित होंगे।

राशन वितरण केंद्र शुभारंभ पर उप सरपंच हेमलता वर्मा, सचिव गौरी शंकर वैष्णव, नरेंद्र वर्मा, भावेश घृतलहरे, तीज राम भारती, कृष्णा भारती, लक्ष्मीचंद टंडन, सोनू राम घृतलहरे, कमलेश घृतलहरे, अमरलाल घृतलहरे, फूलवती घृतलहरे, भुवनेश्वरी घृतलहरे, सीमा डहरिया, अंजलि घृतलहरे, श्यामकली घृतलहरे, महेंद्र टंडन, झम्मनलाल घृतलहरे, भूपेंद्र घृतलहरे, पंकज घृतलहरे, अर्जुन भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# पैंजनी में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- सुशासन तिहार में ग्रामीणों ने रखी मांग, शासन को भेजा गया प्रस्ताव

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में जिला ने एक और कदम आगे बढ़ाया है। ग्राम पैंजनी विकासखंड बलौदाबाजार में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया है। यह प्रस्ताव ग्राम पैंजनी निवासी गजेन्द्र वर्मा द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर तैयार किया गया है। उन्होंने ग्राम में स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उप स्वास्थ्य केंद्र की मांग की थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इस प्रस्ताव को जांचोपरांत तैयार कर शासन को भेजा गया है। प्रस्तावित उप स्वास्थ्य केंद्र ग्राम पैंजनी एवं समीपवर्ती ग्राम जुड़ा के लिए अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में यह क्षेत्र उप स्वास्थ्य केंद्र सुढेला के अधीन आता है, जो कि लगभग 10 किमी दूर है। दूरी अधिक होने के कारण ▸▸ शेष पेज 13 पर



### इंजीनियर की बाइक चोरी

**महासमुंद।** ग्राम लभरा खुर्द में रहने वाले निजी मोबाइल कंपनी के इंजीनियर की बाइक चोरी हो गई। पुलिस को प्रार्थी दुर्गेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वह ग्राम लभरा खुर्द में उमेंद्र चंद्राकर के किराये के मकान में रहता है। 21 अप्रैल को उसकी टीवीएस स्पोर्ट क्रमांक एमपी 20 एनडब्लू 6908 को किसी ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# आपराधिक तत्वों पर हो सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शनिवार को पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा थाना सिटी कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उनके द्वारा थाना सिटी कोतवाली में उपस्थित समस्त पुलिस स्टाफ से सामान्य चर्चा कर उनका परिचय लिया गया। तत्पश्चात थाने में संधारित समस्त रजिस्टर, गुण्डा निगरानी चेक रजिस्टर, सस्पेक्ट रजिस्टर, अल्फाबेटिकल रजिस्टर, फरारी रजिस्टर, मुसाफिरी रजिस्टर आदि कस अवलोकन कर पंजी का सही रुप से संधारण एवं इंद्राज करने के संबंध में जानकारी दी गई। निरीक्षण के ▸▸ शेष पेज 13 पर



- सिटी कोतवाली पहुंचीं एसपी और खगाला संधारित रजिस्टर

## शैक्षणिक भ्रमण पर पीएमश्री स्कूल के छात्र पहुंचे राजधानी

# छात्रों ने देखा विज्ञान सेंटर, मुक्तांगन और जंगल सफारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

नगर पंचायत में संचालित पीएमश्री गुरु घासीदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसमें हिंदी और अंग्रेज़ी माध्यम के छात्र छात्राओं को छत्तीसगढ़ के रायपुर में स्थित विज्ञान सेंटर और जंगल सफारी का भ्रमण के लिए ले जाया गया, जिसमें उन्हें सर्वप्रथम विज्ञान सेंटर ले जाया गया जहां उन्होंने विज्ञान, भूगोल, भौतिकी, छत्तीसगढ़ संस्कृति से संबंधित विभिन्न प्रकार के संसाधनों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही यहां पर तारामंडल एनीमेशन वीडियो द्वारा ग्रह-नक्षत्रों और सूर्य ग्रहण, चांद ग्रहण के बारे में जानकारी प्राप्त की, उसके बाद सभी बच्चों ने 3-डी शो के माध्यम से अंतरिक्ष यात्रा के बारे में जानकारी प्राप्त की कि किस तरह से वैज्ञानिक अंतरिक्ष में कार्य करते हैं।

विदित हो कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पीएमश्री स्कूल का शुभारम्भ किया है। यह एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत सभी छात्रों को अत्याधुनिक शिक्षा प्राप्ति होती है। इसी योजना सभी छात्रों को प्रति वर्ष शैक्षिण भ्रमण ले जाना होता है, ताकि सभी छात्र छात्राओं को हर प्रकार की जानकारी मिल सके। विज्ञान भवन में अनेक प्रकार के मॉडल जैसे कुटुसर गुफा, अनंत कुआं, आलसी सिक्का, रिंग का भ्रम, थाली पर सिर, जादुई पानी का नल, तैरती गेंद, दर्पण भूलभुलैया जैसे कई आकर्षण केंद्र है। इसके बाद दोपहर में सभी बच्चों को जंगल सफारी ले जाया गया, जहां वे विभिन्न प्रकार के जंगली जानवरों को देखकर आनंदित हुए। आपको बता दें कि जंगल सफारी नंदनवन जंगल सफारी का पूरा 800 एकड़ क्षेत्र हरियाली से भरपूर है, जिसमें खूबसूरत परिदृश्य हैं। कई देशी पौधों की प्रजातियां भी वनस्पति में शामिल होती हैं, जो जानवरों के लिए एक प्राकृतिक आवास बनाती हैं। जिसमें कई प्रवासी पक्षी प्रजातियों को आकर्षित करता है। इस सफ़ारी में सफेद टाइगर, बाघ, चीतल, सांभर, नीलगाय, हिरण, काला हिरण और भालू स्थित हैं। इस शैक्षणिक कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा और समस्त शिक्षकों ने अपनी भूमिका निभाई।










हरिभूमि
## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें

ब्यूरोचीफ : दलजीत सिंह चांवला
बलौदाबाजार-भाटापारा

अनमोल सेल्स न्यूज एजेंसी
पता : चांवला काम्प्लेक्स, अंबेडकर चौक, मेन रोड बलौदाबाजार
मो. 9926204007

# अब सरकारी फाइलें दौड़ेंगी डिजिटल माध्यम से, पत्र भी भेजे जाएंगे ईमेल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सरकारी विभागों से अब लालफीताशाही का दौर पूरी तरह समाप्त होने की स्थिति में आ जाएगा। वजह ये है कि सरकार ने फैसला किया है कि मंत्रालय के सभी विभाग, विभागाध्यक्ष, सभांगीय या जिला कार्यालय या कोई भी सरकारी संस्था से पत्राचार केवल ई ऑफिस फाइल रिसीप्ट के माध्यम से किया जाएगा। अगर यह सिस्टम ऑनबोर्ड नहीं होगा, तो पत्राचार शासकीय ईमेल के माध्यम से किया जाएगा।

अलग खबर

## मुख्य सचिव ने सभी विभागों के लिए जारी किया आदेश

### मुख्य सचिव ने आदेश जारी किया

इस संबंध में राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टर छत्तीसगढ़ के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि यह व्यवस्था कार्य संपादन में गति लाने, उन्नत कार्यकुशलता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए की जा रही है।

### सरकार ने लिया है ये निर्णय

मंत्रालय के सभी विभागों में अंतरविभागीय पत्राचार और नोटशीट केवल ई-ऑफिस फाइल या रिसीप्ट के माध्यम से भेजी जाएगी। मंत्रालय के अन्यत्र विभागाध्यक्ष, संभागीय, जिला कार्यालय या शासकीय संस्था के द्वारा मंत्रालय के किसी भी विभाग को पत्राचार केवल ई ऑफिस फाइल-रिसीप्ट से किया जाएगा। ई ऑफिस में ऑनबोर्डिंग नहीं होने की स्थिति में पत्राचार केवल शासकीय ई-मेल के माध्यम से किया जा सकेगा। अर्धशासकीय पत्र या ऐसे वैधानिक दस्तावेज जिसमें मूल प्रति की जरूरत हो, हार्ड कॉपी के रूप में भेजे जा सकते हैं। मुख्य सचिव ने इसी आदेश में कहा है कि इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

### प्रशासनिक काम होंगे तेज, भ्रष्टाचार रुकेगा

उच्च पदस्थ सूत्रों दावा है कि ई-ऑफिस से न केवल प्रशासनिक कार्य तेज होने के साथ ही भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। डिजिटल गवर्नेंस सरकार की प्राथमिकता है। ई-ऑफिस से न केवल कार्य कुशलता बढ़ेगी, बल्कि जनता को भी बेहतर सेवाएं मिलेंगी। ई ऑफिस के क्रियानव्यन के लिए संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को कई महीनों से अलग-अलग प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

### अब होगा पेपरलेस कामकाज

*छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन शुरु किया गया है। यह डिजिटल पहल राज्य के विभिन्न विभागों में कागज रहित कार्य संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। ई-ऑफिस प्रणाली के तहत फाइलों का प्रबंधन, दस्तावेजों का आदान-प्रदान और निर्णय लेने की प्रक्रिया अब ऑनलाइन हो रही है, जिससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है। इस सिस्टम क प्रारंभ होने के समय मुख्य सचिव के नेतृत्व में गठित एक समिति ने सभी विभागों को ई-ऑफिस के उपयोग के लिए प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जैसे प्रमुख शहरों में स्थित कार्यालयों में यह प्रणाली पहले ही तैयार हो चुकी है। जबकि अन्य जिलों में चरणबद्ध तरीके से इसे लागू किया जा रहा है।*

## खबर संक्षेप



### मॉडल ब्लड बैंक और संत निरंकारी चेरिटेबल के सहयोग से रक्तदान

**रायपुर**। आंबेडकर अस्पताल स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं संत निरंकारी मंडल चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रायपुर और तिल्दा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्रमशः 194 और 93 यूनिट रक्तदान किया। संत निरंकारी मंडल चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संत गुरुबचन सिंह के शहीदी दिवस पर हर साल यह कार्यक्रम आयोजित होता है। पिछले 25 वर्षों से निरंकारी मंडल मॉडल ब्लड बैंक सेंटर के साथ मिलकर हर साल रक्तदान शिविर आयोजित करती आ रही है। निरंकारी मंडल की तरफ से रायपुर कैंप का कार्यभार गुरबक्श कालरा ने, तिल्दा कैंप का कार्यभार सुंदरदास ने एवं मॉडल ब्लड बैंक सेंटर की तरफ से क्रमशः डॉ. रवीना यादव, डॉ. सुदित पाल और डॉ. अविरल मिश्रा ने संभाला। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर के सहयोग तथा विभाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल एवं मॉडल ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. अमित भारद्वाज के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम पूरा हुआ।

### जिला दवा विक्रेता संघ चुनाव अधिसूचना जारी

**रायपुर**। डिस्ट्रिक केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सत्र 2025-28 के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पूरी करने अधिसूचना जा कर दी गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी ठाकुर राजेश्वर सिंह ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया 4 मई से शुरू होकर 11 मई तक पूरी होगी। इसके तहत 4 मई को मतदाता सूची का प्रकाशन और दावा आपत्ति के बाद अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 5 मई को नामाकंन पत्र का वितरण और स्वीकार करने के साथ उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन होगा। 7 मई को नामाकंन पत्रों पर दावा-आपत्ति के साथ वापसी की प्रक्रिया पूरी होगी। 11 मई को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा और शाम 4 बजे से मतगणना शुरू कर परिणाम घोषित किया जाएगा। निर्वाचन से संबंधित सारी प्रक्रिया मेडिकल कांप्लेक्स के केमिस्ट भवन में पूरी होगी और मतदान मेडिकल कांप्लेक्स के हाल में किया जाएगा।

### उपअभियंता को आयुक्त ने किया निलंबित

**रायपुर**। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी कर प्रधानमंत्री आवास मुख्यालय की उपअभियंता अंकिता अग्रवाल को अपने विधिक दायित्वों का निर्वहन करने में असफल रहने के कारण एवं घोर लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं प्रभारी अधीक्षण अभियंता तत्कालीन सहायक अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा नगर निगम राजेश राठौर और सहायक अभियंता प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा योगेश यदु के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

### ग्रेसफुल मीडिया इंडिया प्रा.लि. ब्लैक लिस्टेड

**रायपुर**। नगर निगम के भवन अनुज्ञा विभाग ने ग्रेसफुल मीडिया इंडिया प्रा.लि. के डायरेक्टर विश्वरंजन पुरोहित न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर को ब्लैक लिस्टेड घोषित किया है। बताया गया कि बी.ओ.टी. प्रणाली के तहत नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों जैसे साक्षरता चौक, अनुपम गार्डन एवं तेलीबांधा चैक पर नवीन यूनिपोल संरचनाओं की स्थापना एवं उनके माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शन के लिए संस्था को 15 मार्च 2024 तक अनुबंध किया गया था। इस अनुबंध की तारीख 44 लाख 38 हजार 317 की राशि विज्ञापन शुल्क के रूप में निगम में जमा कराना था। इसके लिए संस्था को कई बार सूचित भी किया गया। इसके अलावा विभिन्न निविदा अंतर्गत अनुबंध निरस्तीकरण एवं मीडिया राजसात होने के उपरांत बकाया राशि 7 करोड़ 27 लाख 82 हजार 626 रुपए जमा कराने पर्याप्त समय दिया गया है, लेकिन अद्यतन बकाया राशि जमा नहीं कराई गई।

## महंगे में खरीद कर भी निर्धारित दर पर आपूर्ति का प्रबंधन

# भीषण गर्मी ने बढ़ाई बिजली की मांग, खपत 7000 मेगावॉट पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी की वजह से बिजली की मांग में बहुत तेजी से बढ़ी है। पिछले साल मई में अधिकतम मांग 6,368 मेगावॉट पहुंची थी, जो इस साल अप्रैल में ही 10 प्रतिशत बढ़कर 7,006 मेगावॉट तक पहुंच गई। भारी मांग के कारण आम उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति में व्यवधान न आए, इसके लिए छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी द्वारा पीक ऑवर्स में ऊंचे दाम पर भी बिजली खरीद कर निर्धारित दर पर ही आपूर्ति की जा रही है।

बताया गया है कि अत्यधिक मांग के कारण विद्युत प्रणाली पर भारी दबाव होता है। इसके कारण विगत 15 दिनों में केंद्रीकृत कॉल सेंटर में कुल 65 लाख उपभोक्ताओं में से 1 लाख 56 हजार शिकायतें दर्ज की गई जिनका निराकरण समय पर किया गया। त्वरित मरम्मत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

### सालभर में मांग बढ़ी 10 प्रतिशत

इस साल पिछले वर्षों की अपेक्षा अप्रैल माह में ही तेज गर्मी पड़ने लगी है। जिसके कारण विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं की बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। विगत वर्ष मई महीने में 6,368 मेगावॉट की तुलना में इस वर्ष 22 अप्रैल में ही मांग 7,006 मेगावॉट को स्पर्श कर गई जो विगत 1 वर्ष में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि है।



### महंगी बिजली खरीद कर आपूर्ति कर रहे

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी, पॉवर एक्सचेंज और बैंकिंग के साथ ही एचपीडीएएम (हाई प्राइज डे अहेड मार्केट) के जरिये महंगी दरों पर बिजली खरीदकर आम घरेलू उपभोक्ताओं को क्रय दर से कम दरों पर बिजली प्रदान कर रही है। वन नेशन, वन ग्रिड के आधार पर देशभर के सभी विद्युत घरों की उत्पादित बिजली ग्रिड में डाली जाती है, उसे राज्य आवश्यकतानुसार क्रय करके अपने राज्य में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करते हैं। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक दिन पूर्व मांग बताई जाती है। फिर मांग के अनुसार हर 15 मिनट के स्लैब में बिजली की दरें जारी होती हैं, जिस राज्य की दर अधिक रहती है, उसे विद्युत उत्पादक कंपनियां बिजली बेचती हैं।

### बिजली की खरीदी 14.50 रुपए प्रति यूनिट पर

छत्तीसगढ़ में बिजली की औसत मांग दिन में 5,120 मेगावॉट रहती है। परन्तु पीक ऑवर (शाम 6 बजे से रात तक) में यह मांग 6,500 से 7,000 मेगावॉट से अधिक पहुंच रही है। इसे पूरा करने लगभग 800 मेगावॉट बिजली एचडीपीएम के जरिये ली जा रही है। इसमें अधिकतम 14.50 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदी जा रही है। कई बार इतनी अधिक दर पर भी बिजली नहीं मिलती। 24 अप्रैल को पॉवर कंपनी ने 6,800 मेगावॉट बिजली की मांग का आकलन करते हुए अतिरिक्त बिजली मार्केट से क्रय करने की प्लानिंग की। इसी तरह प्रतिदिन एक अलग टीम प्रदेश में संभावित मांग और आपूर्ति का तालमेल करते हुए पॉवर परचेज करती है। सामान्य तौर पर राज्य में उत्पादित बिजली की दर 4 से 8 रूपए प्रति यूनिट तक रहती है। उपभोक्ताओं के हित में खुले मार्केट से बिजली क्रय करने पर अधिक कीमत देनी पड़ती है।

# अब कर्जमुक्त हुआ नवा रायपुर विकास प्राधिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, जिसे पहले एनआरडीए के नाम से जाना जाता था, अब पूरी तरह से कर्जमुक्त हो गया है। प्राधिकरण ने 1788 करोड़ रुपये का सारा कर्ज़ चुका दिया है, जो कि भारत सरकार और कई राष्ट्रीयकृत बैंकों से लिया गया था। साथ ही 100 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी भी अब राज्य सरकार को लौटा दी है। इस उपलब्धि का श्रेय छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की नीतियों, वित्तीय अनुशासन और पारदर्शी प्रशासन को जाता है। यह कदम नवा रायपुर को अधोसंरचना विकास और नई परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मददगार होगा।



### मुख्यमंत्री ने जताई खुशी

मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नवा रायपुर अटल नगर का ऋणमुक्त होना एक सुखद संकेत है। हमारी सरकार ने वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और रणनीतिक नियोजन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया कि प्राधिकरण न केवल कर्ज से मुक्त हो, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर विकास की नई ऊंचाइयों को छूए। यह उपलब्धि नवा रायपुर को एक आधुनिक, रोजगारोन्मुखी और सुविधायुक्त शहर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### सारी संपत्तियां बंधन मुक्त

ऋणमुक्ति के साथ, प्राधिकरण की सभी संपत्तियां अब बंधनमुक्त हो गयी हैं, जिससे उनका उपयोग और क्रय-विक्रय आसान होगा। इससे नगदी प्रवाह बेहतर होगा और अधोसंरचना, सार्वजनिक सेवाओं और नई परियोजनाओं को तेजी से लागू किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम नवा रायपुर को मेडिकल टूरिज्म और औद्योगिक विकास का केंद्र बनाएगा।

### नवा रायपुर बना नया ग्रोथ इंजनः चौधरी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है कि नवा रायपुर छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का नया ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है। यहां आरबीआई, नाबार्ड सहित अन्य बैंकों और एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, बालको कैंसर अस्पताल, सत्य साईं अस्पताल जैसे अनेक संस्थाओं का पदार्पण हो चुका है। अब यहां पर सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर क्षेत्र से संबंधित उद्योग भी लगने जा रहे हैं। नवा रायपुर में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल सुविधा प्रदान करने हेतु लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में मेडिसिटी विकसित करने की योजना है।

# अस्पष्ट आदेश के चक्कर में फंसा 50 डाक्टरों का अध्ययन अवकाश, बिना स्टाइपेंड कर रहे काम

## तर्क संशोधन आदेश में पुराने एडमिशन वालों का जिक्र नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

एमडी-एमएस की पढ़ाई करने के लिए तीन साल के अध्ययन अवकाश के स्पष्ट नहीं होने की वजह से करीब पचास डाक्टरों को तीसरे साल की पढ़ाई के दौरान स्टाइपेंड नहीं मिल रहा है। इन पीजी डाक्टरों को कार्यालयीन स्टाफ द्वारा तर्क दिया जा रहा है कि आदेश में पुराने एडमिशन वालों को इसका लाभ देने का जिक्र नहीं है। चिकित्सकों ने बताया कि वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 बैच के पीजी छात्र इस आदेश के स्पष्ट नहीं होने की वजह से बिना शिष्यवृति के पढ़ाई और काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पीजी के तीन साल की पढ़ाई के लिए दो साल अध्ययन अवकाश दिया जाता था। अवकाश की अवधि बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास के बाद पिछले महीने इस मामले में संशोधित आदेश जारी किया गया था। इसे लेकर पीजी की पढ़ाई करने वालों में हर्ष का माहौल था, जिसमें कुछ को अब दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तृतीय वर्ष की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों ने बताया कि उन्हें बिना स्टाइपेंड के काम करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कालेजों और संचालनालयों के स्टाफ द्वारा तर्क दिया जा रहा है कि आदेश में इस बात का उल्लेख नहीं है कि तृतीय वर्ष का अध्ययन अवकाश पुराने छात्रों को भी दिया जाएगा। इस तर्क की वजह से चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में पहुंच चुके करीबन 50 छात्रों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। डाक्टरों का खर्च है कि पढ़ाई के साथ अस्पतालों में ड्यूटी के दौरान होने वाले खर्च को उन्हें अपनी जेब से वहन करना पड़ रहा जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है।

### त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम बनाने के बाद जरूरत

एमबीबीएस के बाद पीजी की पढ़ाई के लिए कई कोर्स में दो साल का डिप्लोमा होता था। वर्ष 2019 के पूर्व मेडिकल की पढ़ाई के लिए दो साल का डिप्लोमा कोर्स संचालित होता था। वर्ष 2019 में सभी डिप्लोमा विषयों को तीन वर्षीय स्नातक के रूप में मान्य कर दिया गया। इसके बाद अध्ययन अवकाश को दो के बजाए तीन साल करने की जरूरत पड़ी। इसकी मांग के लिए चिकित्सकों के संगठन ने काफी प्रयास किया, जिसके बाद इसका आदेश पिछले माह ही जारी किया गया है।

### बांड नियम तोड़ने पर ब्याज के साथ वसूली

जारी किए गए संशोधित आदेश में पीजी की पढ़ाई के लिए दी जाने वाली छुट्टी के बाद 5 साल की अनुबंध सेवा अनिवार्य रूप से पूरा करने का शर्त रखा गया है। इस नियम का पालन नहीं करने पर संबंधित छात्र से अध्ययन अवकाश प्रारंभ होने की तिथि से राशि वापस करने की तिथि तक 8 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज की दर से वसूली का प्रावधान किया गया है। वसूली नहीं हो पाने पर संबंधित चिकित्सक की एमबीबीएस, पीजी अथवा अन्य सुपरस्पेशलिटी डिग्री छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा निरस्त करने का जिक्र भी है।

### जूनियर डॉक्टरों ने निकाला कैंडल मार्च

**रायपुर**। पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के जूनियर डॉक्टरों ने शुक्रवार की शाम पहलगाम पीड़ितों के सम्मान में कैंडल मार्च का आयोजन किया। आयोजन में बड़ी संख्या में डॉक्टर, छात्र और आम नागरिक शामिल हुए। मार्च के दौरान सभी प्रतिभागी मोमबत्तियाँ लेकर मौन रहकर उन निर्दोष लोगों के लिए अपनी संवेदनाएँ व्यक्त कीं, जिन्होंने हाल की घटनाओं में अपने प्राण गंवाए। डॉक्टरों ने संदेश दिया कि एकता और शांति ही अंधकार में आशा का प्रकाश बन सकती है। कैंडल मार्च मेडिकल कॉलेज परिसर से शुरू होकर अस्पताल के मुख्य द्वार तक पहुँचा, जहाँ एक संक्षिप्त सभा में मौन धारण कर पीड़ितों के लिए प्रार्थना की गई।



# निशक्तजन वित्त एवं विकास निगम अब होगा छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन, सीएम ने की घोषणा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दिव्यांगों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार- साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष लोकेश कावड़िया को नए दायित्व के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम का नाम परिवर्तित कर छत्तीसगढ़ दिव्यांग जन वित्त एवं विकास निगम करने की घोषणा की। साथ ही मुख्य मंच से इस अवसर पर 15 दिव्यांग हितग्राहियों को ऋण, 11 दिव्यांग हितग्राहियों को ऋण अदायगी करने पर ब्याज सब्सिडी एवं श्रवण बाधित दिव्यांग को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

### रमन ने कहा- दिव्यांगों के जीवन में खुशहाली लाएं

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनो के जीवन में खुशहाली लाने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान दंतेवाड़ा जिले में आए थे, तब दिव्यांगजनों से उनका विशेष लगाव देखने को मिला था। आज हमारी सरकार ने बेहद अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता को इसकी जिम्मेदारी दी है, जिसका सीधा लाभ दिव्यांग साथियों को मिलेगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्पों के आधार पर दिव्यांगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने एवं उनके कौशल विकास पर जोर दे रही है। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे सहित विभिन्न मंडल आयोगों के अध्यक्षगण, छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में दिव्यांग छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक इलाज का आदेश, दोपहर बाद पैरामेडिकल स्टाफ के भरोसे

# बारह घंटे ओपीडी योजना का डिब्बा गुल, हमर क्लीनिक में सुबह की जांच के भरोसे मरीजों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सेटअप के अनुसार नहीं मिल रहे डाक्टर और चिकित्सकीय स्टाफ, ले-देकर चला रहे काम

छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए गली-मोहल्ले में खोले गए हमर क्लीनिक में बारह की ओपीडी का डिब्बा गुल हो चुका है। यहां सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक यहां मरीजों की जांच और उपचार की सुविधा देने का आदेश है, मगर सुबह की ओपीडी और दोपहर 2 बजे से ज्यादातर हमर क्लीनिक पैरामेडिकल स्टाफ के भरोसे हो जाता है। जानकार लोगों का कहना है कि हमर क्लीनिक को सेटअप के अनुसार डाक्टर और चिकित्सकीय स्टाफ नहीं मिल पा रहे हैं, जिसकी वजह से उनका काम ले-देकर चल रहा है। सर्दी-खांसी, बुखार जैसी समस्याओं के इलाज के साथ नियमित वैक्सीन और बीपी-शुगर की दवाओं के वितरण को ध्यान में रखते हुए गली-मोहल्ले में हमर क्लीनिक खोला गया था। शुरुआती दौर में बनाई गई योजना और जारी किए गए आदेश के अनुसार यहां आने वाले मरीजों को 12 घंटे और सातों दिन उपचार की सुविधा दिए जाने की योजना थी। इसके लिए हमर क्लीनिक में एमबीबीएस डाक्टर के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ का सेटअप भी बनाया गया। शुरुआती दिनों में हमर क्लीनिक का संचालन जोर-शोर से हुआ फिर मानिटरिंग में ढिलाई से यहां की उपचार व्यवस्था प्रभावित हुई। वर्तमान में राजधानी रायपुर में 50 हमर क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है, जिसमें से 90 फीसदी केंद्र हॉफ डे संचालित हो रहा है। हमर क्लीनिक में सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक ओपीडी हो रही और दोपहर दो बजे के बाद यहां यहां केवल नॉन क्लीनिकल और पैरामेडिकल स्टॉफ ही शेष रह जाते हैं। सूत्रों का कहना है कि शुरुआती दिनों में यहां काफी संख्या में डाक्टर मिल रहे थे मगर अब इनकी किल्लत होने लगी है। किसी भी हमर क्लीनिक में कम से कम दो चिकित्सक की आवश्यकता है मगर वास्तव कई क्लीनिक में एक डाक्टर भी नहीं है।

### शाम की ओपीडी बंद

*कामगार वर्ग के मरीजों को शाम के वक्त ओपीडी में उपचार देने की योजना भी बनाई गई थी। इसके तहत शाम 5 से रात्रि आठ बजे तक तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की मौजूदगी जरुरी थी। कुछ स्वास्थ्य केंद्रों में यह व्यवस्था संचालित हो रही है मगर अधिकांश केंद्रों में मरीजों को अपनी शारीरिक समस्याओं के इलाज के लिए सुबह की ओपीडी का इंतजार करना पड़ता है। शासन द्वारा सुबह-शाम स्वास्थ्य केंद्रों में जांच और उपचार की योजना ठंडी पड़ गई है।*




### आधा दर्जन स्टाफ

*हमर क्लीनिक में डाक्टरों के अलावा एक एमपीडब्लू, एक डेटा कंप्यूटर आपरेटर, एक चतुर्थ वर्ग कर्मचारी एवं नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाने का नियम था। अन्य वर्ग के कर्मचारियों की व्यवस्था को विभागीय स्तर पर कर ली जा रही है मगर नर्सिंग स्टाफ और पर्याप्त संख्या में डाक्टर हमर क्लीनिक को नहीं मिल पा रहे है। जरुरतों को ध्यान में रखते हुए बांडेड के साथ निजी डाक्टरों की सेवाएं भी लेने का प्रयास किया जा रहा है।*

### फंड का अभाव भी

*सूत्रों के अनुसार हमर क्लीनिक के संचालन और रखरखाव के लिए फंड की समस्या भी सामने आने लगी है। इसके लिए पंचवर्षीय योजना के तहत राशि का आवंटन नहीं हुआ है। इसकी वजह से हमर क्लीनिक की संख्या बढ़ नहीं पा रही है। कई स्थानों पर इसके बोर्ड तो लगाए गए हैं मगर भवन निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। चिकित्सकों और अन्य स्टाफ के वेतन की व्यवस्था एनएचएम के माध्यम से की जा रही है।*

## खबर संक्षेप



### ठेके पर नहीं देंगे राजस्व वसूली, कर्मचारी ही वसूलेंगे

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने कहा कि राजस्व विभाग नगर निगम का आधार स्तंभ है, इसलिए राजस्व विभाग के कर्मचारियों को केवल राजस्व वसूली एवं उससे संबंधित कार्यों में ही लगाया जाना उचित होगा। महापौर ने प्रतिवर्ष प्रत्येक संपत्ति करदाता को डिमांड बिल आवश्यक रूप से दिया जाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। महापौर ने नगर निगम रायपुर की गैर मूल्यांकित संपत्तियों का डोर टू डोर सर्वे कर उचित आकलन किए जाने का सुझाव नगर निगम हित में दिया, ताकि असेसमेंट कवरेज को 90 प्रतिशत से शत प्रतिशत के मध्य लाया जा सके। महापौर ने समय समय पर राजस्व से जुड़े सभी राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षकों, राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों को ट्रेनिंग दिया जाना सुनिश्चित किए जाने निर्देश दिए हैं। नगर निगम रायपुर कर्मचारी एकता संघ के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों ने नगर निगम रायपुर में राजस्व वसूली का कार्य ठेका एजेंसी से न कराए जाने के निर्णय से प्रसन्न होकर महापौर श्रीमती चौबे के कक्ष में पहुंचकर बुके प्रदत्त आभार जताया।

### डॉ. सहाय को टाइम्स लीडर्स ऑफ हेल्थकेयर अवार्ड

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के फिजिशियन एवं समाजसेवी प्रो. डॉ. अजय सहाय को हेल्थकेयर के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान और उपलब्धियों के लिए टाइम्स लीडर्स ऑफ हेल्थकेयर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन्ना रहे। इस अवसर पर मेजर जनरल (रिटायर्ड) जीडी बक्शी, टाइम्स की सीनियर एडिटर दीपाल गाला, एमएसएन फार्मा के प्रेसिडेंट आशीष गुप्ता, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर भरत रेड्डी सहित देश के विख्यात चिकित्सा विशेषज्ञ एवं नागरिक उपस्थित थे। डॉ. सहाय ने विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं, ज्वलंत सामाजिक मुद्दों और सामाजिक कुरीतियों के प्रति आम जनता को जागरूक बनाने के लिए अनेक रोचक लघु फिल्मों, प्रोमोज, वृतचित्रों और जिंगल्स का निर्माण किया है जो दूरदर्शन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक चैनलों द्वारा नियमित रूप से प्रसारित किए जाते रहे हैं।

### जल यात्रा के साथ अखंड रामायण सम्मेलन हुआ



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सतनामी समाज के तत्वावधान में तीन दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 26 अप्रैल को जल यात्रा के साथ संपन्न किया गया। तीन दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन आयोजन में 31 रामायण मंडलियों ने अपने प्रस्तुति दी गई। जिसमें सतनामी समाज के लोग जुटे रहे। इसमें चोवाराम पटेल, परशु, बलदाऊ, बृजेश, चिंताराम पटेल, हीरो, भागवत, शकुन, लाजवंती, सुनीता, कौशल, हेमा, डिकेश्वरी, विमला, रवि, महेंद्र, कमला, चिंता पटेला, संतोषी, सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि का सहयोग रहा। गांव में रामायण सम्मेलन का आयोजन 42 साल से चला आ रहा है।

# संस्कार युक्त जीवन जीने वाला व्यक्ति कभी कष्ट नहीं पाता : पं. आकाश मिश्रा

## सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथाकार ने जीवन जीने की कला बतायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिरमी-रावन

समीपस्थ ग्राम तिल्दाबांधा में पिछले सात दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस पं. आकाश मिश्रा ने कथा का सारांश कह जीवन को जीने की कला भी समझाई। उन्होंने कई उपदेशात्मक वृतांत सुनाकर भक्तों को निहाल भी किया। इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। अंतिम दिन शुकदेव द्वारा राजा परीक्षित की कथा सुनाई गई। श्रीमद् भागवत कथा का पूर्णता प्रदान करते हुए कथा में विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए कहा कि जीवन कई योनियों के बाद मिलता है और इसे कैसे जीना चाहिए के बारे में भी उपस्थित भक्तों को समझाया। उन्होंने कहा कि भगवान पर विश्वास और भरोसा मजबूत होना चाहिए, जिस प्रकार माता रुकमणी को अपने कृष्ण पर विश्वास था कि वह आएंगे ईश्वर पर आस्था रखना चाहिए जो भी भक्त ईश्वर पर आस्था और विश्वास करता है उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। उक्त कथा आयोजन ग्राम तिल्दा बांधा के सरपंच गंगोत्री अनिल यादव ने समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से कराया। कथा को लेकर भक्तों ने खूब आनंद लुटाया। अंतिम दिन महाराज के विदाई में बड़ी संख्या में लोग जुटे रहे। ग्राम के सरपंच आयोजनकर्ता ने समस्त ग्रामवासियों के एवं क्षेत्र के भक्तों का आभार जताया।



### कथा श्रवण से पापों का क्षय

पं. मिश्रा ने कहा कि जो व्यक्ति संस्कार युक्त जीवन जीता है वह जीवन में कभी कष्ट नहीं पा सकता। व्यक्ति के दैनिक दिनचर्या के संबंध में उन्होंने कहा कि ब्रह्म मुहूर्त में उठना, दैनिक कार्यों से निवृत होकर यज्ञ करना, तर्पण करना, प्रतिदिन गाय को रोटी देने के बाद स्वयं भोजन करने वाले व्यक्ति पर ईश्वर सदैव प्रसन्न रहते हैं। श्रीमद भागवत कथा सुनने वाले के सभी दुख दर्द क्षण में दूर हो जाते हैं। कहा कि हमें श्रीराम और श्रीकृष्ण के बताए मार्ग का अनुसरण अपने जीवन में करना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने की सीख दी। कहा- भगवान शंकर पर विश्वास रखे। भक्त के रोम–रोम में जब भक्ति होती है तो कंकर–कंकर शंकर हो जाता है। यह माना जाता है कि कथा के दौरान, प्रत्येक दिन एक जन्म के पापों को दूर करने में मदद करता है, जिससे कुल 7 जन्मों के पाप मिट जाते हैं।

## राजधानी सहित जिले के कई ग्रामीण इलाकों में ताबड़तोड़ कार्रवाई

# अवैध निर्माण तोड़े, कहीं फ्लैक्स-पोस्टर हटाए कई स्थानों पर अवैध प्लाटिंग पर भी लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर नगर निगम सहित जिले के कई ग्रामों में शुक्रवार को अवैध निर्माण, अवैध रूप से लगाए गए फ्लैक्स-पोस्टर तथा अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। इसमें कई कार्रवाई सुशासन तिहार में लोगों की आई शिकायतों की जांच के बाद की गई है।

सुशासन तिहार में ज्यादातर शिकायतें ग्रामीण क्षेत्रों की है, जिसमें सबसे ज्यादा अवैध प्लाटिंग की शिकायतें मिली हैं, वहीं रायपुर शहर में अवैध निर्माण एवं अवैध रूप से लगाए गए फ्लैक्स व पोस्टरों को हटाने की कार्रवाई की गई।

### स्वीकृति से ज्यादा चौड़ी सड़क तोड़ी गई

जोन-4 अंतर्गत स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड 44 के तहत बांके बिहारी मंदिर के सामने रवि गोवानी एवं नीलम गोवानी द्वारा लगभग 3316 वर्गफीट भूखंड क्षेत्र में व्यवसायिक अनुमति के विपरीत सड़क को ज्यादा चौड़ा बना लिया गया था, जिसे तोड़ने की कार्रवाई की गई। इसी प्रकार संत रविदास वार्ड 70 के तहत डुमर तालाब से सरोना जाने वाले मुख्य मार्ग के पास आशीष इसरानी द्वारा लगभग 3000 वर्गफीट भूखंड क्षेत्र में व्यवसायिक अनुमति के विपरीत निर्माण किया गया था। निगम की टीम ने उसे भी तोड़ने की कार्रवाई की। इसी जोन क्षेत्र अंतर्गत महोबा बाजार से एम्स होते हुए टाटीबंध मुख्य मार्ग में लगभग 12 ठेलों और गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की गई।





### पठारीडीह में 3 एकड़ अवैध प्लॉटिंग का काटा रास्ता

धरसींवा ब्लॉक के ग्राम पठारीडीह के निवासियों ने सुशासन तिहार के माध्यम से इलाके में अवैध प्लॉटिंग की शिकायत की थी। उनके आवेदन पर एक्शन लेते हुए राजस्व टीम ने इसकी जांच करते हुए 3 एकड़ जमीन पर किए जा रहे अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर रास्ता काटते हुए इस कार्य पर रोक लगाई। इसी प्रकार आरंग ब्लॉक के ग्राम कोरासी में ग्रामवासियों ने अतिक्रमण के संबंध में शिकायत की थी, जिस पर कार्रवाई करते हुए भूमि को कब्जा मुक्त कराया। आरंग के ही ग्राम चपरौद में भी अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए कार्य पर रोक लगाई गई।





### भाठागांव मार्ग पर अवैध व्यावसायिक निर्माण तोड़ा

टीम प्रहरी ने भाठागांव मार्ग में भी अवैध व्यावसायिक निर्माण को तोड़ा। इसी प्रकार जोन-8 क्षेत्र में भारत माता चौक के पास अवैध व्यावसायिक दुकानों को तोड़ा गया, जोन 6 अंतर्गत सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से पुलिस लाइन तक बैनर-पोस्टर व फ्लैक्स निकालने की कार्रवाई की। अमलीडीह केनाल लिंकिंग रोड पर अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की गई। खम्हारडीह चौ पर स्वीकृति के विपरीत व्यवसायिक निर्माण को तोड़ा गया। रिंग रोड नंबर 1 में अवैध निर्माण को तोड़ा गया। जोन 7 अंतर्गत संत रामदास वार्ड-25 में लगभग 1300 वर्गफीट में बने अवैध भवन-दुकानों को तोड़ा गया। जोन 10 अंतर्गत डूमरतराई सब्जी मंडी मार्ग में कमल विहार गेट के सामने से वर्धमान नगर चौक तक अभियान चलाकर 35 ठेलों, 27 गुमटियों एवं अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति ने 'राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस' इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया। साथ ही त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए गमछा व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम अनुसार अतिथियों की अनुपस्थिति में उपस्थित प्रतिनिधियों व ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों को अतिथि की आसंदी पर बिठाया गया और कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी व पंचायती राज व्यवस्था की पुस्तिका का पूजा अर्चना करते हुए पंचायती राज व्यवस्था पर परिचर्चा की गई। इसमें पंचायती राज व्यवस्था की वर्तमान स्थिति व संविधान में अंकित स्थिति पर बात सामने आई। परिचर्चा में समिति के मूल उद्देश्य को सभा पटल पर रखा गया, जिसमें पंचायती राज व्यवस्था का संविधान सम्मत क्रियान्वयन हो और सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार व अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया। छत्तीसगढ़ ग्राम विकास एकता समिति का संगठन विस्तार करते हुए रायपुर जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा व बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष रामचंद्र नवरंगे को जिम्मेदारी सौंपी गई। पंचायती राज व्यवस्था में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को ग्रामसभा मजबूत करते हुए कोरम पूर्ति के साथ ग्रामसभा का सफल आयोजन करने की अपिल की गई।

# हायर सेकंडरी में विकसित भारत-2047 पर हुई स्लोगन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बगबुडा



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय – दतान(ख), बगबुडा में विद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा विकसित भारत 2047 में स्लोगन प्रतियोगिताएं का आयोजन किया।

इसमें 35 स्वयं सेवकों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम मुस्कान साहू, द्वितीय तोशमणी, तृतीय तोशकुमारी रही। सभी स्वयं सेवकों ने विकसित भारत 2027 के बारे अच्छा लिखा। प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर द्वारा संस्था में छत्तीसगढ़ एवं भारत सरकार की योजनाओं, महापुरुषों, वैज्ञानिकों, देश के उपलब्धियों का डाईंग सीट पर, थर्माकोल से माडल स्वयंसेवकों, छात्र एवं छात्राओं से बनवाया जाता है।

बच्चों के पालकों द्वारा भी खुब प्रशंसा की जाती है।। इस प्रतियोगिता में संस्था के शिक्षक अनुशवर यादव, कैलाश साहू, शशिभूषण ,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कंश राम निषाद, पालक समिति के अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, सरपंच चन्दा देवी महिलांग उपस्थित थे। प्राचार्य ने बताया कि सभी छात्राएं राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े हैं, जिसमें समाज, देशभक्ति के प्रति लगाव होता है। वहीं छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य बनते हैं।

# सेन महाराज की जयंती पर निकाली शोभायात्रा...



**बलौदाबाजार।** जिला मुख्यालय में सेन समाज ने सेन महाराज की जयंती पर शोभायात्रा निकाली, जिसका श्री महावीर देव मंदिर बजरंग चौक पहुंचने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के जिला एवं नगर कार्यकारिणी के सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भीषण गर्मी से यात्रा में सम्मिलित सेन समाज के महिला–पुरुष कार्यकारिणी सदस्यों एवं बच्चों को शीतल पेय पिलाकर स्वागत तथा अभिवादन किया।संगठन की तरफ से जिला सेवा प्रमुख लक्ष्मेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शिवप्रकाश तिवारी, सहसमरसता प्रमुख अमित केशरवानी, नगर अध्यक्ष महेश ठाकुर, आयुष बरनवाल, दीपक पंजवानी उपस्थित थे।

# रावन पंचायत में सरपंच अमर सिंह ने संभाला कार्यभार



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** अंचल के ग्राम पंचायत रावन में नवनिर्वाचित सरपंच अमर सिंह (राजा) नेताम को पंचायत का संपूर्ण कार्यभार सौंपा गया। कार्यक्रम में पंचायत सचिव नरसिंग वर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व सरपंच माधुरी वर्मा, उपसरपंच टाकेश्वर वर्मा, मालिक राम वर्मा, गोपाल यदु, संतराम वर्मा, पूरन वर्मा, मनोज वर्मा, पंच तेजस्वी वर्मा, कृष्णा वर्मा, राजु वर्मा, दुर्गेश वर्मा, चंद्रदेव वर्मा, सुनील वर्मा, कोटवार त्रिलोक दास मानिकपुरी, डागेश्वरी वर्मा, ललिता वर्मा, चंद्रकला वर्मा, कीर्ति लहरी, इंद्राणी वर्मा, ममता वर्मा, सरस्वती यदु और गायत्री ध्रुव सहित ललित ध्रुव मौजूद थे।

# चिटफंड पर न भाजपा सरकार और विपक्षी कांग्रेस गंभीर नहीं : बसपा

**मुड़पार-सरसीवां।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने चिटफंड को लेकर भाजपा सरकार और विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि समय पर सरकार यदि इस मामले पर कोई कार्रवाई नहीं करेगी तो बसपा आने वाले समय में आंदोलन करेगी। टंडन ने बताया कि राज्य के चिटफंड पीड़ितों को अब तक कोई राहत नहीं मिली है, जबकि भाजपा की डबल इंजन सरकार बने 2 साल से अधिक गया है। कांग्रेस पर भी आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा के सदन में इस मामले को लेकर कांग्रेस के विधायकों ने कोई सवाल भी नहीं उठाए। इन्होंने दोनों पार्टी को एक ही सिक्के के दो पहलू बताया और दोनों पर चिटफंड पीड़ितों को जानबूझकर राहत नहीं पहुंचाने का आरोप लगाया।



सरकार को इस विषय पर जनता द्वारा चुने गए जन प्रतिनिधियों द्वारा ध्यानाकर्षण न कराया जाना बेहद निंदनीय है। दोनों पार्टियां नहीं चाहती की लोगों को उनका पैसा वापस मिले। राज्य में सैकड़ों चिटफण्ड कंपनियों की करोड़ों की संपत्ति है, लेकिन इन सबकी निष्क्रियता से न्यायालयों में मामले लंबित पड़े हैं। पहचान की गई संपत्तियों की नीलामी के लिए अंतः कालीन और अंतरिम आदेश नहीं हो रहे हैं। न्यायालयों के लंबित रखें हुए हैं, जिससे पीड़ितों को उनका फंसा हुआ पैसा वापस नहीं मिल पा रहा हैं, इसके लिए ये दोनों पार्टियां जिम्मेदार हैं। उन्होंने भाजपा की डबल इंजन सरकार से चिटफण्ड पीड़ितों को जल्द से जल्द उनके पैसे वापस करने की कार्रवाई तेज करने की मांग की है।

# महादेवघाट की सीढ़ियों पर कब्जा नगर-निगम ने हटाए सभी पाटे



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के महादेव घाट पर बनी सीढ़ियों पर कुछ लोगों ने लड़की के पाटे लगाकर कब्जा कर रखा था। इसकी शिकायत मिलने पर नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को पुलिस बल की मौजूदगी में इन पाटों को हटाकर जब्ती बनाने की कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि करणी सेना संगठन के लोगों ने पूजा-पाठ और धर्म के नाम पर घाट की सीढ़ियों पर पाटे लगा रखे थे, जिसका नदी में नाव चलाने वाले लोगों ने विरोध किया था। इस विरोध के बाद भी करणी सेना के लोग पाटे हटा नहीं रहे थे। निगम ने कार्रवाई करते हुए इन सभी पाटो को हटाकर जब्ती बनाया है।

## पेज 11 के शेष

### जान से मारने ...

हुए प्रार्थी को तालाब में डूबाकर मारने की कोशिश करना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### पैंजनी में उप...

ग्रामीणों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पाती। ग्राम पंचायत द्वारा भवन निर्माण हेतु भूमि भी प्रस्तावित की गई है, जो इस कार्य को और सुलभ बनाता है। शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुसार 5000 से अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्रों में उप स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत किया जा सकता है और यह प्रस्ताव उन्हीं मानदंडों के अनुरूप है। इस प्रयास के लिए गजेन्द्र वर्मा एवं ग्रामवासियों की सक्रिय भूमिका की सराहना की जा रही है। इससे क्षेत्रीय जनता को शीघ्र ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

### आपराधिक तत्वों पर...

दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली से थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराधियों, गुंडा, निगरानी बदमाशों एवं हिस्ट्रीशीटर के संबंध में जानकारी ली गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा मालखाना का निरीक्षण कर जब्ती माल का थाना में सही रखरखाव करने की हिदायत देते हुए संपूर्ण थाना परिसर, मोहर्रिर कक्ष, विवेचक कक्ष एवं सीसीटीएनएस कक्ष आदि का निरीक्षण किया गया। थाना परिसर की साफ–सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। वहीं अपराधिक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा थाने में आने वाले फरियादियों के साथ संयमित व्यवहार करते हुए तथा उनके आवेदनध्रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई कर, अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तारी करने निर्देश दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर एवं इसके आसपास चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन किया गया।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण 5 से

**हिरमी- रावन।** हिरमी में 5 मई से निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू होगा। यह प्रशिक्षण दर्पण वेलफेयर फाउंडेशन हिरमी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के छात्राओं, युवाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना और उन्हें रोजगार योग्य बनाना है। इस प्रशिक्षण में कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी, बेसिक कम्प्यूटर एमएस ऑफिस, इंटरनेट का उपयोग, ई-मेल संचालन और अन्य जरूरी डिजिटल कौशल सिखाए जाएंगे। प्रशिक्षण की अवधि 45 दिन की होगी और यह पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा। संस्था द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। आयोजक संस्था के अध्यक्ष तनमय सिंह राजपूत ने बताया कि इच्छुक युवक और युवतियां पंजीकरण 4 मई तक करा सकते हैं। सीमित सीटों के कारण पंजीकरण जल्द कराने की सलाह दी गई है।

### हाईवे में एंबुलेंस की टक्कर से अज्ञात महिला की मौत

**महासमुंद।** एनएच 53 में एक एंबुलेंस की टक्कर से अज्ञात महिला की मौत हो गई। मामलेमें बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 24 अप्रैल की रात करीब 1.05 बजे एनएच 53 मेन रोड संजय फैमिली रेस्टोरेंट के सामने ग्राम पर्रापाट के पास रोड एक्सीडेंट होने की सूचना मिली थी। इसके बाद डायल 112 स्टाफ द्वारा घटना स्थल पहुंचकर देखा गया कि एक अज्ञात महिला रोड में पडी थी, जिसका सिर कुचल गया था और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। प्रथम दृष्टया अज्ञात महिला की मृत्यु सरायपाली से बसना की ओर आ रही एम्बुलेंस वाहन क्र एमएच 43 5347 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं उपेक्षापूर्ण चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से होना पाया गया। मामले में बसना थाने में आरोपी वाहन चालक विक्की खैरनार पिता दादाजी खैरनार (32 साल) पुणे नासिक रोड भोसरी थाना एमआईडीसी भोसरी जिला पुणे महाराष्ट्र के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पेट रोग विशेषज्ञ कल रहेंगे उपलब्ध

**महासमुंद।** शहर के मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में 27 अप्रैल सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक पेट रोग, लिवर, पित्त रोग, गॉल ब्लैडर, पैनक्रियाज के विशेषज्ञ डॉ. एनएस गरड (डीएनबी, एमएनएएनएस हेपेटोलाजिस्ट, गेस्टोलाजिस्ट, इंटर वेन्टीओनल इंडोस्कोपिस्ट) उपलब्ध रहेंगे। विशेषज्ञ डॉ. एनएस गरड हर माह के चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे।

## निधन

### अरूणा केशरवानी

**बलौदाबाजार।** स्व. भागवत प्रसाद केशरवानी की पत्नी 72 वर्षीय अरुणा केशरवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास पुराना बस स्टैंड से निकल कर रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में रविवार प्रातः 9 बजे जाएगी। वे अमित केशरवानी चित्तू एवं सुमीत केशरवानी जानू की मां तथा विजय नारायण, जय नारायण, राज नारायण, संजय नारायण एवं मनोज की चाची थीं।



---

**आक्रोश : पाकिस्तानी विरोधी नारे लगाए और मारे गए लागों को नमन किया**

# पहलगाम की घटना, सड़क पर दिख रहा जन आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर के तिग्गड्डा चौक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमला के विरोध में शनिवार को नगरवासियों ने मौमबत्ती जला कर रैली निकली। 26 निर्दोषों की पाक आतंकवादी द्वारा हत्या के विरोध में पाकिस्तानी विरोधी नारे लगाए और मारे गए लागों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक सूर में आतंकवादी द्वारा भारत के स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले पहलगाम में मारे गये के देश के विभिन्न जगहों से आये 26 पर्यटकों प्रति अपनी वंदना व्यक्त करते हुए पाकिस्तान द्वारा भेजे गये कट्टर आतंकवादी को उनके आका सहित मिट्टी में मिलाने व देश बदला लेने की मांग की। देश का बच्चा-बच्चा पाकिस्तान के खिलाफ एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर सबक सिखाने की बात कही। श्रध्दांजलि सभा में आये जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने आतंकवादी द्वारा धर्म पुछकर धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर के पहलगाम में जिस बर्बरता पूर्ण निर्मम हत्या कर घटना को अंजाम दिया यह आंतकवादी के सोच को बताता है देश की सेना के शौर्य पर जहां देश को गर्व है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमितशाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अगुवाई में आंतकवाद व आंतकवादी के आकाओं के खिलाफ कार्रवाई को पाकिस्तान की आने वाली दस पीढ़ी याद रखे। इस दुख की घड़ी में पूरा हिन्दुस्तान एकजुट है और मोदी सरकार पाकिस्तानियों के खिलाफ जो बदला लेगी भारत के 140 करोड़ जनता सरकर के पक्ष में अपना सहयोग देगी।

इस अवसर पूर्व जनपद अध्यक्ष वेदराम मनहरे, जनपद सदस्य शिव शंकर वर्मा, पूर्व नपं अध्यक्ष अनिल सोनी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर, वरिष्ठ समाज सेवी सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम यादव, केशला सरपंच मया कुमार वंशे, सुरज सोनी, योगेश द्विवेदी, छन्नू निलमर्कर, पूर्व पार्षद भरत पंसारी, तोरण ठाकुर, भरत कुम्भकार, विकास ठाकुर, आयुष वर्मा, योगेश चंद्राकर, दिपक धनकर, सुनील नायक, कमलेश बंसल, नपं उपाध्यक्ष सुमीत कुमार सेन, पार्षद अंबिका बंछोर, पंचराम यादव, राहुल मरकाम, राकेश देवांगन, तामेश्वर मरकाम, युदिष्ठीर बुडेक, विजय शर्मा, भोला यादव, श्रवण भोई, रोहित वर्मा, संजय भट्ट, अमृत पटेल, कुंदन वर्मा, भागवत सारथी, जानी डहरीया, देव देवांगन, शिवम साहू, गणेश देवांगन, गौरव अग्रवाल, पुरुषोत्तम देवांगन, राहुल देवांगन, शैलेश यादव, लल्ला दुबे आदी लोग उपस्थित थे।



## पहलगाम हमले के विरोध में भाजपाइयों ने निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि



**कसडोल।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम के बैसरन वैली में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले के विरोध में भाजपा मंडल, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया। साथ ही इस दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए और मारे गए निर्दोष सैलानियों को श्रद्धांजलि दी। विदित हो कि निहत्थे सैलानियों पर हुए निर्ममतापूर्ण आतंकी हमले के विरोध में देशभर सहित नगर में गहरा रोष व्याप्त है। शुक्रवार को भाजपाइयों ने युकों बैंक से लेकर कन्हैया लाल शर्मा चौक तक कैंडल मार्च निकाला और पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगा कर आक्रोश व्यक्त किया। भाजपा मंडल कसडोल के अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, नपा अध्यक्ष नागेश्वर साहू, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष शिला वर्मा, अध्यक्ष अनुराधा साहू, निर्मला साहू सहित पार्षद भानु प्रताप साहू, पुनेश्वरनाथ मिश्रा, अजय साहू, नीरज साहू, रामा धीवर, भगवती साहू सहित शनि यादव, भीखम जायसवाल, गौरीशंकर सेन ने कहा कि आतंक किसी भी सूरत पर सहन करने के काबिल नहीं है। यह कायराना हमला आतंकवादियों की कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिस तरह 27 बेगुनाहों को धर्म पूंछकर मौत के घाट उतारा गया, यह निंदनीय है, देश में हिंदुओं के साथ लगातार इस तरह की घटना हो रही है, जिस पर तमाम हिन्दू धर्म आक्रोशित है। इस मामले में आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। केंद्र की मोदी सरकार लगातार पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है, अभी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कई मामलों पर निर्णय लिया गया है। आगे भी केंद्र सरकार की कड़ी कार्रवाई देशवासियों को देखने को मिलेगी। इस दौरान तमाम भाजपा के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

■ पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगें नारे

### पहलगाम के मृतकों को हायर सेकंडरी के छात्रों ने दी श्रद्धांजलि



**हथबंद।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 28 पर्यटकों का नाम एवं धर्म पूछकर हिंदुओं की आतंकवादियों द्वारा हत्या किए जाने से अंचल में शोक व्याप्त है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद में शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने धर्म के आधार पर की गई हत्या को देश की आत्मा पर चोट बताते हुए इस जघन्य अपराध के लिए केंद्र सरकार से तुरंत कारवाई की मांग की। प्राचार्य सी के नायक ने इस घटना को मानवता की हत्या बताया। शोक सभा में शिक्षक, डीबी तिवारी, विजय निर्मलकर, रूपेश कुमार पसीने, नेतराम वर्मा, विपेश कुमार साहू, रूपेंद्र कुमार सेन, योगेश कुमार त्रिवेदी, सुमनलता वर्मा, राधिका वर्मा, सुनीता तिवारी, तुलसी जायसवाल, सरिता दिवाकर सहित छात्र-छात्राएं शामिल हुईं।

### पहलगाम के आतंकी हमले की निंदा, मृतकों को ग्रामीणों ने दी श्रद्धांजलि




**हथबंद।** ग्राम पंचायत हथबंद के सभागार में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की करते हुए घटना में मारे गए निर्दोष लोगों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आतंकवाद के विरुद्ध में देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री रक्षा मंत्री द्वारा उठाए गए कदमों को उचित बताते हुए पाकिस्तान के खिलाफ कड़े से कड़े प्रतिबंध लगाने संबंधी विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर सरपंच ढालेश्वरी नरेश अनंत, उपसरपंच दिलीप यादव, वरिष्ठ पंच संतोष दीवान, सद्भावना मंच के अध्यक्ष मुबारक हुसैन, सचिव कमल किशोर साहू ,पंच सविता गायकवाड़, सुखबती धूव, विनय शुक्ला, विजय निषाद, विमल वर्मा, आशा कैवर्त्य, संतराम ध्रुव, रामप्यारी कैवर्त्य, मंजू निषाद, मूलचंद टंडन, सरस्वती कोसले, भूपेंद्र पाल, प्रकाश पाल सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

## अधिक उपज लेने नई वैरायटी का धान लगाए किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अर्जुनी में 26 अप्रैल को उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने किसानों की समस्या एवं योजना का लाभ देने के लिए सहकारी समिति में पहुंचकर किसानों से चर्चा की। वहीं किसानों ने किसान पंजीयन में हिस्सेदारी का संयुक्त पंजीयन, पीएम सम्मान निधि समिति कार्यालय का छत जर्जर होने के कारण भवन निर्माण के लिए किसानों हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिए। साथ ही जिला सहकारी बैंक शाखा खोलने संबंधी आवेदन दिए तथा धान खरीदी केंद्र में किसानों के लिए बैठक व्यवस्था बनाने की बात कही। नहर नाली क्रमांक 13 की साफ-सफाई एवं किसानों ने अपनी समस्याएं पर विचार व्यक्त किया। दीपक कुमार नायक ने कहा कि अगले हफ्ते बीजों का भंडारण होगा व नया वैरायटी के धान का उत्पादन करने के लिए किसानों को प्रेरित किया।

इस दौरान वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी लोकनाथ दीवान, कृषि विस्तार अधिकारी हरीश चतुर्वेदी, हरिशंकर वर्मा, नेतराम साहू, राधेश्याम वर्मा, संतोष वर्मा, ईश्वर साहू, रेवाराम यदु, माखनलाल वर्मा, शिवबती, फूलबाई साहू, हरिशंकर यदु, मोतीलाल वर्मा, मोतीलाल वर्मा, संजय रजक, चंद्रशेखर वर्मा, अमिता यादव मौजूद थे।

■ सहकारी समिति में उपसंचालक कृषि ने किसानों की समस्या पर की चर्चा

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक का जागरूक होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान



अम्बुजा विद्यापीठ, रवान में पेरेंटिंग पर कक्षा नर्सरी से दूसरी कक्षा के अभिभावकों के लिए एक प्रेरणादायक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें प्रमुख वक्ता प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पांडेय थे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों तथा छात्रों की उपस्थिति रही। कार्यशाला का उद्देश्य वर्तमान समय में अभिभावकों की भूमिका को समझना तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग को प्रोत्साहित करना था।


डॉ. पांडेय ने कहा कि बच्चों की परवरिश केवल शिक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनके मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास पर भी ध्यान देना जरूरी है।

उन्होंने पेरेंट्स को बच्चों के साथ संवाद बढ़ाने, सकारात्मक वातावरण देने तथा उन्हें स्वतंत्र निर्णय लेने का अवसर प्रदान करने की सलाह दी। श्री पांडेय ने उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया कि किस प्रकार छोटे–छोटे बदलाव बच्चों के व्यवहार में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। वर्कशॉप के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें अभिभावकों ने खुलकर अपने विचार और समस्याएं साझा की। डॉ. पांडेय ने सभी प्रश्नों का संतोषजनक समाधान प्रस्तुत किया। अभिभावकों ने ऐसे आयोजनों को समय–समय पर आयोजित करते रहने की गुजारिश की, ताकि अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव को और मजबूत बना सकें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक, विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित थे।

■ अम्बुजा विद्यापीठ में पालकों के लिए आयोजित वर्कशॉप में दिए गए सुझाव

### केसला में राजयोग शिविर जारी

**खरोरा।** शिक्षक कालोनी वार्ड एक केसला में राजयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र खरोरा की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र. कु.उमा दीदी कालोनीवासियों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करवा रही हैं। प्रतिदिन शिव संदेश संध्या 5.30 से 6.30 बजे दिया जा रहा है। आत्मा, परमात्मा का परिचय, स्वदर्शन से विश्व दर्शन, संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन आदर्श समाज की स्थापना, हर घर को स्वर्ग बनाने की शिक्षा दी जा रही है। राजयोग के अभ्यास से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि लाने का सूत्र बताया जा रहा है, जिसका लाभ कालोनीवासियों को मिल रहा है।



### भारतीय जनता मजदूर ट्रेड के जिला अध्यक्ष बनाये गए केके वर्मा

**बलौदाबाजार।** भारतीय जनता मजदुर ट्रेड यूनियन काउंसिल के प्रदेश सचिव द्वारा केके वर्मा को बलौदाबाजार जिले का नवनियुक्त जिला अध्यक्ष घोषित किया है। अपनी इस नियुक्ति पर वर्मा ने कहा कि एक माह के भीतर जिला कार्यकारणी का गठन कर प्रदेश कार्यालय को प्रेषित करना है। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य एवं विश्वास के साथ मुझे जो सम्मान दिया गया है उसे पूरा करूंगा।








---

**महिला समूह ने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने का लिया संकल्प**

# महिला समितियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत भालेसुर में स्वच्छता को लेकर एक अनुकरणीय पहल देखने को मिली, जब यहां की कुल आठ महिला समूह समितियों ने मिलकर गांव की गलियों और रावण चौक में स्वच्छता अभियान चलाया। राधे कृष्णा, राखी, गंगा, जागृति, रचना, तुलसी, अन्नपूर्णा और एकता समिति की महिलाओं ने एकजुट होकर शनिवार को गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने का बीड़ा उठाया। महिलाओं ने न सिर्फ रावण चौक, बल्कि आसपास की गलियों और सार्वजनिक स्थलों की भी सफाई की। सिर पर टोकरी लेकर कचरा उठाते और सफाई करते इन महिलाओं के जज्बे ने ग्रामवासियों को भी प्रेरित किया।



स्वच्छता अभियान में निलेश्वरी धुरंधर, ईश्वरी रजक, प्रभा वर्मा, नंद कुमारी, निर्मला वर्मा, हेमलता वर्मा, शिव कुमारी, ध्रुव कुमारी वर्मा, कृष्णा, चमेली वर्मा, माला, सतवंतीन ध्रुव, गणेशिया ध्रुव, राधा वर्मा, सहोत्र और लता कृष्णा, पंच रोहित रजक शामिल रहे।

### महिलाओं ने सकारात्मक संदेश दिया

इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच नवीन कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे और उन्होंने महिलाओं के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सहभागिता से गांव में स्वच्छता के प्रति एक नई जागरूकता आएगी और अन्य ग्रामीण भी इससे प्रेरित होंगे। महिलाओं ने इस दौरान संकल्प लिया कि भविष्य में भी वे इसी तरह समय–समय पर स्वच्छता अभियान चलाते रहेंगी, ताकि उनका गांव हमेशा स्वच्छ और स्वस्थ बना रहे। गांव के स्वच्छता अभियान में महिलाओं की इस सक्रिय भागीदारी ने समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया है कि यदि सभी मिलकर प्रयास करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।





